प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.06.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने देश के लोकतंत्र और संविधान के आदर्शों को कायम रखने वाले नागरिकों के असाधारण साहस की सराहना की। वहीं, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आपातकाल एक कठिन दौर था जब देश के संवैधानिक मूल्यों की कड़ी परीक्षा हुई थी। उन्होंने देश की न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का आह्वान किया। आपातकाल की बरसी पर आज जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कृषि प्रबंधन संस्थान में लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है। आयोजन में आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जा रहा है।

0000

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज जयपुर के शिक्षा संकुल में ये परिणाम जारी किया। परीक्षा के नतीजे विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट और अन्य निर्धारित माध्यमों से ऑनलाइन देख सकते है।

वववव

ग्रामीण विकास विभाग आज नई दिल्ली में ग्रामीण विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित कर रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण भारत की विकास आवश्यकताओं के लिए एआई आधारित समाधानों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में नीति–निर्माता, विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, स्टार्टअप्स और शिक्षाविद भाग लेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, कार्यशाला से प्राप्त सुझाव ग्रामीण विकास में एआई के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के लिए नीतिगत रूपरेखा तैयार करने में सहायक होंगे।

0000

राज्य पुलिस ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के खिलाफ प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाया है। महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चार से 23 जून तक चले इस अभियान में रिकॉर्ड एक लाख 58 हजार से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि इस दौरान नियमों के विरुद्ध ब्लैक फिल्म, अवैध हूटर, अनाधिकृत लाल–नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न और गलत नंबर प्लेट लगाने वाले वाहनों के चालान काटे गए। जिलावार कार्रवाई में जालौर जिला पूरे प्रदेश में पहले और अजमेर दूसरे स्थान पर रहा, जबकि जयपुर कमिश्नरेट में 807 कार्रवाई की गईं। पुलिस ने आमजन से सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए नियमों का पालन करने की अपील की है।

0000

राज्य पुलिस ने साइबर ठगों के नए तरीके को लेकर एडवायजरी जारी की है। साइबर अपराधी अब फर्जी बॉस या आरबीआई जैसी नियामक संस्था बनकर कर्मचारियों, विशेषकर वित्त विभाग के लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) वी.के. सिंह ने बताया कि साइबर ठग ईमेल या व्हाट्सएप के जरिए संदेश भेजकर तत्काल भुगतान का दबाव बनाते हैं। वे कोई लिंक या ज़िप फाइल भेजकर सिस्टम हैक कर लेते हैं। पुलिस ने सलाह दी है कि बिना पुष्टि किए कोई वित्तीय लेन–देन न करें और अनजान लिंक या फाइल बिल्कुल न खोलें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की शिकायत तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराएं।

0000

अजमेर के ब्यावर में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से नशा मुक्ति के लिए ऑपरेशन लक्ष्मण रेखा शुरू किया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. और महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नो–ड्रग्स जोन बनाना है। इसके तहत सभी शिक्षण संस्थाओं के 500 मीटर के दायरे को पूरी तरह नशामुक्त क्षेत्र बनाने के

प्रयास किये जायेंगे। ब्यावर के केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए स्कूलों में शिकायत पेटी भी स्थापित की गई है।

0000

प्रदेश में प्री–मानसून गतिविधियों में और तेजी आई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम और कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी भाग में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे अधिक 90 मिलीमीटर बरसात बारां जिले के अटरू में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा नागौर के लाडनूं, भरतपुर के कामां, हनुमानगढ़ के डबलीराठन और सीकर के रींगस सहित कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। विभाग ने आज राज्य के 25 जिलों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में बारिश की गतिविधियां और बढ़ने की संभावना है।

0000